कार्यालय प्राचार्य, (अग्रणी) शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय
बालोद, जिला–बालोद (छ.ग.)
दूरभाष कमांक – 07749–222076 ईमेल– govtcollbalod@rediffmail.com

दिनांक 18/11/2022

//प्रतिवेदन//

//जिला स्तरीय स्वीप अंतर्गत भाषण एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन//

==00==

कार्यालय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, रायपुर (छ.ग.) के निर्देशानुसार स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालोद में भाषण एवं इलेक्शन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उदघाटन महाविद्यालय के प्र.प्राचार्य डॉ. जे.के. खलखो ने किया। इस अवसर पर डॉ. जे.के. खलखो ने संबोधित करते हुए कहा कि महाविद्यालय के छात्र–छात्राएं मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करनें तथा मतदान प्रकिया की जानकारी प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते प्रथम चरण में भाषण प्रतियोगिता तथा द्वितीय चरण में इलेक्शन क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिले के 11 महाविद्यालय के प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागी भाषण में तथा इलेक्शन क्विज प्रतियोगिता में 10 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में शासकीय कंगला मांझी महाविद्यालय डौण्डी के छात्र लोकेश मिश्रा, बी.एस.सी. भाग तीन ने प्रथम स्थान तथा शासकीय नैमीचंद जैन महाविद्यालय दल्लीराजहरा की छात्रा मधु मिश्रा, पी.जी.डी.सी.ए. ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इलेक्शन क्विज प्रतियोगिता में अरमान शर्मा बी.एस.सी. भाग दो शासकीय नैमीचंद जैन महाविद्यालय दल्लीराजहरा तथा कु. लक्ष्मी गेण्ड्रे, बी.एस.सी. भाग–तीन विजेता रहें। भाषण प्रतियोगिता के निर्णायक प्रो.डी.आर.बैद्य, (सहायक प्राध्यापक वाणिज्य) श्री आर.के.वर्मा (प्राचार्य,शासकीय बुनियादी उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय बालोद) श्रीमती दुर्गेश नंदिनी यादव (प्राचार्य, शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय दुधली) रहे। इस कार्यकम प्रो. एल.के. गवेल, प्रो. लोमन टंडन, प्रो. शैलेन्द्र आर्य, डॉ. जे.के. पटेल, प्रो. रामाधीन साहू, प्रो. स्वाति वैष्णव, प्रो. तरूण, प्रो. कलेन्द्री रावटे, प्रो. दीपाली, प्रो.रीतु पिस्दा एवं अतिथि व्याख्याता श्री खिलावन साहू, श्री प्रवीण कुमार, कु. हेमलता, कु. तनुजा, कु.अंजली, स्वीप एम्बेसेडर लक्ष कुमार साहू एवं कु.चेतना देवांगन सहित बड़ी संख्या में छात्र–छात्रायें उपस्थित रहे। महाविद्यालय के स्वीप प्रभारी प्रो. एच.एल.मानकर नें बताया कि जिलास्तरीय अंतरमहाविद्यलयीन भाषण व इलेक्शन क्विज प्रतियोगिता के भाषण में प्रथम स्थान प्राप्त एवं क्विज प्रतियोगिता के विजेता दिनांक–25/11/2022 को संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रो. सी.डी. मानिकपुरी (सहायक प्राध्यापक गणित) ने किया।

स्वीप प्रभारी

प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय बालोद
Principal
Govt. Ghanshyam Singh Gupt
P. G. College, Balod (C.G.)


भारत निवडणूक आयोग




SVEEP
GPS Map Camera
Balod, Chhattisgarh, India
G.S.G.P.G. College Balod, Durg Dalli-Rajhara Rd,
Balod, Chhattisgarh 491226, India
Lat 20.71819°
Long 81.191506°
18/11/22 12:30 PM GMT +05:30
Google